# हल्के के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त उपलब्ध करवाना ही उद्देश्य : प्रमोद चूहड़ माजरा

## कहा, 53 मरीजों की आंखों का होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन, नेत्र जांच शिविर में 624 मरीजों की आंखों का चेक-अप

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** पूंडरी की झंडामल धर्मशाला में मुफ्त मेगा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी प्रमोद चूहड़माजरा द्वारा आयोजित 39 वें कैंप में लोगों को मुफ्त में दवाइयां व चश्मे भी वितरित किए गए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋषिराज करनाल की टीम द्वारा रोगियों की जांच की गई। इस मौके पर ऐसे 53 मरीजों को चयनित किया गया जिनकी आंखों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाना जरूरी है।



कैंप में 624 मरीजों की आंखों की जांच करके उन्हें मुफ्त दवाइयां, चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा 53 लोगों को ऑपरेशन के लिए चुना गया, जिनका ऑपरेशन करनाल के डॉक्टर ऋषि राज हॉस्पिटल में किया जाएगा। इन सभी मरीजों को ले जाने व लाने का खर्च समाजसेवी प्रमोद चूहड़माजरा वहन करेंगे। बातचीत में हल्के के युवा नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी प्रमोद चूहड़माजरा ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। वे हलके के सभी 54 गांवों में ये कैंप आयोजित करेंगे। अब तक 39 विभिन्न गांवो व शहरों में ये कैम्प लगाए जा चुके हैं जिनमें मरीजों, उनके परिजनों ने बढ़ चढ़कर भाग लेकर कैंपो को सफल बनाया।

उन्होंने कहा कि वे समाजसेवा के उद्देश्य से ही राजनीति में आये हैं। पिछले एक साल से हल्के के सभी गांवो में और प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मिशन में लगे हुए हैं। प्रमोद चूहड़ माजरा ने कहा कि किसी भी प्रदेश में और किसी भी क्षेत्र में ऐसा अभियान आज तक न तो किसी नेता ने शुरू किया और न ही किसी सत्ताधारी विधायक ने किया। उन्होंने कहा कि वे अभी तक खुद के खर्चे पर ये अभियान चला रहे हैं, यदि लोगों ने अबकी बार उन्हें आशीर्वाद दिया।

तो वे विधायक बनकर बड़े स्तर पर लोगो के लिए घर-घर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाएंगे। प्रमोद चूहड़ माजरा ने कहा कि नेत्र जांच शिविरों के साथ-साथ दांतों से संबंधित बीमारियां भी चेक की जाती हैं। उनके द्वारा जो टीम शिविरों में भेजी जाती है, उसमें कई टेस्ट फ्री और कुछ टेस्ट 50 प्रतिशत कम रेट में किए जाते हैं ताकि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने उम्मीदवारों को किया शॉर्ट-लिस्ट

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने आज हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों को शॉर्ट लिस्ट करते हुए 7000 से अधिक उम्मीदवारों को एक क्लिक से जॉब ऑफर लेटर एसएमएस के माध्यम से भेजे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि एचकेआरएन में विभिन प्रकार के लालच देकर लोगों का काम हो रहा है, यह सरासर गलत है। मुख्यमंत्री ने साथ ही आम लोगो से यह भी आग्रह किया कि एचकेआरएनएल में किसी भी कार्य के लिए किसी भी तरह के प्रलोभन में ना आएं, क्योंकि निगम के तहत पूरी ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित प्रक्रिया को अपनाकर ही युवाओं को अनुबंध आधार पर रोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज जिन उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाय से बड़ा कोई धन नहीं है और गौसेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है : महंत खुशीनाथ जी

*हर व्यक्ति को अपने घर में गो माता को पालकर उसकी सेवा करनी चाहिए : योगी सोमवार नाथ जी*



**कैथल (कृष्ण प्रजापति) :** श्री नाथ गऊ सेवा ट्रस्ट फतेहपुर में आज श्रीमहंत योगी खुशीनाथ जी, उनके शिष्य योगी सोमवार नाथ जी ने गऊओं को चारा, गुड़ खिलाकर दिन की शुरुआत की। उपस्थित भक्तों को सम्बोधित करते हुए महंत खुशीनाथ जी ने कहा कि गाय से बड़ा कोई धन नहीं है और गौसेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि गाय हमारे समाज में कितनी पूजनीय है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज भी उनके घरों में पहली रोटी गाय के नाम की निकाली जाती है। महंत खुशीनाथ जी ने कहा कि पहले प्रत्येक घर में एक गाय पाली जाती थी, लेकिन आज लोगों ने गाय को सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ दिया है। योगी सोमवार नाथ जी ने कहा कि गोसेवा से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं है, इसलिए सभी को प्रतिदिन गाय की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय माता में सभी देवता निवास करते है। गो-मूत्र से हमें अनेकों बीमारियों से निजात मिलती है। हर व्यक्ति को अपने घर में गो माता को पालकर उसकी सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गो माता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। जिस भी व्यक्ति ने गौमाता की सेवा की है, उसे सभी तीर्थों का सुख घर बैठें ही मिल जाता है। महंत खुशीनाथ जी ने कहा कि जीवन में सुख-समृद्धि के लिए घर में गौमाता को सम्मान दें, प्रत्येक घर में ग्रामीण गऊओं को पाले। गोमाता को सम्मानित स्थान मिलने से ही सही मायनों में गो सुरक्षा की भावना सार्थक होगी।

### जातपात से ऊपर उठकर उनका समर्थन करें ताकि जनता के हकों की लड़ाई लड़ सकें : चीमा



**बाबैन :** ब्लाक समिति के चेयरमैन विक्रमजीत चीमा को गांव कसीथल में ग्रामीणों ने सम्मानित किया और उन्हें अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। चीमा ने कहा कि जातपात से उपर उठकर उनका समर्थन करें ताकि वे लाडवा हल्के की जनता के हकों की लडाई लड सकें। उन्होंने कहा कि उनका राजनीति में आने का उद्देश्य जनता की निस्वार्थ सेवा करना है और वे चाहते हैं कि हमारी बेटीयां शिक्षित हो इसलिए वे लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव- गांव में जाकर बेटियों को उनके हकों के प्रति जागरूक कर रहे है। अगर लाडवा हल्के के लोगों ने उन्हें विधानसभा में भेजने का काम किया तो बेटियों के लिए महिला कालेज बनवाने का काम करेंगे। चीमा ने कहा कि हरियाणा के ग्रामीण परिवेश में रहने वाली बेटियां भी राजनीति, खेल व शिक्षा में आगे आएं, इसलिए उनके दिशा निर्देशों पर बेटियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को भी जाति-पाति व धर्म से ऊपर उठकर मानवता व भाईचारे के माहैल को कायम करना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया है यदि हल्का लाडवा की जनता उन्हें अपना भरपूर सहयोग व समर्थन देकर उनके हाथ मजबूत किए तो वे हलका लाडवा का पिछडापन दूर करने का काम करेगें। इस मौके पर राज कुमार कश्यप, विकास, सोनू कश्यप, गोल्डी, तरूण, सतप्रकाश, सतपाल, सुखदेव, पंच राजबीर, कृष्ण कुमार हरिजन, जरनैल सिंह हरिजन, दविंद्र सिंह, राज कुमार, संजू, रमन, प्रेम सागर, मोहित, हर्ष, रोहित, गुरचरण सिंह, सलिंद्र सिंह, मनीष कुमार, कर्म चंद, ओम प्रकाश व अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### विकास सिंघल सर्व समिति से बने बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम के प्रधान



**लाडवा :** रविवार को लाडवा पिपली मार्ग पर स्थित बाबा बंसी वाले हरिदास आश्रम में आश्रम के सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से विकास सिंघल को बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम का प्रधान चुना गया। आश्रम के पूर्व प्रधान अशोक सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी सदस्यों की सहमति से विकास सिंगला को बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम का प्रधान बनाया गया है और जो जो काम बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम के अंतर्गत करवाए जाते हैं जैसे कावड़ सेवा दल की जिम्मेदारी आदि भी अब विकास सिंघल को सर्वसम्मति से दी गई है। वहीं नवनिर्वाचित प्रधान विकास सिंगला ने कहा कि आश्रम के सभी सदस्यों ने उन पर जो विश्वास जताया है और उन्हें प्रधान बनाया है उस पर वह खरा उतरने का काम करेंगे और आश्रम व कावड़ सेवा दल के लिए बढ़-चढ़कर काम करेंगे। वहीं मौके पर वृद्धाश्रम के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## मुयमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यकाल में विकास कार्यों की लगेगी झड़ी : अशोक गुर्जर

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ पहुंचकर की शिष्टाचार भेंट



कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने चंडीगढ़ पहुँचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की।यहां बातचीत करते हुए अशोक गुर्जर ने कहा कि आज देश व प्रदेश में भाजपा की आंधी चल रही है। उन्होंने कहा कि सूबे के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम करेंगे। गुर्जर ने कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार के कारण आज विपक्षी पार्टियों के मंत्री व विधायक भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों से देश व प्रदेश की नई तस्वीर उभर कर सामने आई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा एक समान विकास कार्य किए जाने से लोगों के दिलों में भाजपा ने अमिट छाप बनाई है। आज विदेशी कंपनियां प्रदेश में अपने उद्योग-धंधे स्थापित कर रही हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही ऐसी सरकार है जिसने युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पर्ची व खर्ची का खेल समाप्त करके युवाओं को पढ़ाई व मैरिट में आने की ओर अग्रसर किया है।

यही कारण है कि आज का युवा अनैतिक कार्यों को छोड़कर पढ़ाई व खेलों के प्रति अग्रसर हुआ है। अशोक गुर्जर ने कहा कि नायब सिंह सैनी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एक ईमानदार छवि के नेता हैं, उनका कैथल से विशेष लगाव रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यकाल में विकास कार्यों की झड़ी लगेगी तथा सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम किया जाएगा।

## गिले-शिकवे दूर करते हुए मिल-जुल कर होली त्यौहार मनाने का दिया संदेश

### भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन ट्राईसिटी टीम द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

कृष्ण प्रजापति

**कैथल :** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन ट्राईसिटी चंडीगढ़, पंचकूला, इकाई द्वारा डॉ. अजेश प्रजापति की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जय सिंह वर्मा अध्यक्ष भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन ट्राईसिटी पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मास्टर प्रवीण विरोधिया मुख्य महासचिव तथा उपाध्यक्ष दिलबाग प्रजापति ने शिरकत की।



ट्राईसिटी के आसपास के क्षेत्र जीरकपुर, डेराबस्सी, पंचकूला, चंडीगढ़, रामगढ़, पिंजौर से प्रजापति समाज के काफी लोग उपस्थित हुए। जय सिंह वर्मा ने ट्राईसिटी टीम को होली की बधाई देते हुए संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में तथा संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में लोगों को अवगत करवाया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ साथी कानाराम शोकल, वेद प्रकाश सिंहमार तथा रोशन लाल तिजारिया ने अपने जीवन में समाजसेवा के अनुभवों को सांझा करते हुए युवा टीम को आशीर्वाद दिया।

मंच का संचालन मास्टर सुरेंद्र उबा द्वारा किया गया। जीरकपुर के प्रधान रामसिंह प्रजापति ने कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव, मधुरता का पर्व है और हमें आपस में सभी गिले-शिकवे दूर करते हुए मिल-जुल कर यह त्यौहार मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर केमिकल रहित रंगों का प्रयोग करना चाहिए और फूलों की होली खेलनी चाहिए। इस मौके पर मोनू अधवारिया महासचिव, सुधीर कांटीवाल, विनोद किरोड़ीवाल, राकेश लिम्बा, सुमित तरपुरिया, पवन सैल, देशराज पिंजौर, सुनील, मास्टर नरेश, रमेश, सीताराम, मुकेश, हरपाल, निर्मल सिंह, संदीप, राजवीर, मक्खन लाल महासचिव जीरकपुर भी अपनी पूरी टीम सहित पहुंचे।

## ट्यूबवैलों से बिजली की मोटरों की तार चुराने वाले चोरों के आतंक से किसान परेशान

**बाबैन, (राजेश कुमार) :** बाबैन थाना के गांव बीड़ कालवा में किसानों के ट्यूबवैलों से बिजली की मोटरों की तार चुराने वाले चोरों के आतंक से किसान परेशान हो रहे है। किसानों के ट्यूबवैलों से बिजली की तार चुराने वाले चोरों ने बीड़ कालवा में पिछले कुछ दिनों में ही 30-35 किसानों के ट्यूबवैलों से बिजली की तारों पर हाथ साफ कर दिया।

चोरों ने किसान खिला राम, प्यारा, मांगे राम, केसा राम, सुभाष, याद राम, दिवान चन्द, जयभगवान, सतीश कुमार, नरेश कुमार, पवन कुमार, सुखबीर सिंह, विक्रम, कमल कुमार व माम चन्द सहित अनेक किसानों के ट्यूबवैलों से बिजली की मोटरों की तारे चोरी कर ली है जिससे किसानों में रोष पनप रहा है। किसानों का कहना है कि बिजली तार चोरी करने वाले चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो रहे है कि वे बिना कि डर व भय के चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। किसानों ने पुलिस से गुहार लगाई है कि पुलिस ट्यूबवैलों से बिजली की मोटरों की तारे चुराने वाले चोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे ताकि किसानों को कोई नुकसान ना उठाना पड़े।

## घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत कार्यकर्ता करें पार्टी की नीतियों का प्रचार : दीपक मोरथला

राजेश कुमार

**बाबैन :** जिला परिषद प्रतिनिधी एवं पूर्व सरपंच दीपक मोरथला ने हर घर कांग्रेस घर-घर कांग्रेस अभियान के तहत कई गांवों का दौरा कर पार्टी की नीतियों से अवगत कराया। दीपक मोरथला ने कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि वे घर घर जाकर जन-जन को कांग्रेस पार्टी का संकल्प पत्र देकर पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी, बर्जुगों को 6 हजार महीना बुढ़ापा पैशन दी जाएगी व 2 लाख खाली सरकारी पदों पर हरियाणवी युवाओं को नौकरी दी जाएगी।



इसके साथ ही 500 रूपये मे रसोई गैस सिलैंडर दिया जाएगा। बीजेपी सरकार की झूठी गारंटियों पर खुलकर निशाना साधते हुए संजीव भूखडी ने कहा कि भाजपा ने आज तक जो-जो गारंटी दी, वो सारी गारंटियां लोगों में मजाक का पात्र बन गयी है। उन्होंने कहा कि ये सरकार किसान विरोधी और मजदूरी विरोधी है। उन्होंने प्रदेश की चरमराई कानून-व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि आज हर व्यक्ति परेशान है। कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल में हरियाणा सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, नौकरी देने में, कानून व्यवस्था में नंबर 1 पर था वो आज पूरे देश में बेरोजगारी, महंगाई, अपराध में नंबर 1 पर है।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके किया स्कूल का नाम रोशन




तेजयुग न्यूज/राजेश कुमार

**बाबैन :** अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करके स्कूल का नाम रोशन किया है इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं के छात्र सुशांत(दुधला), हर्षित जुनेजा (बाबैन), प्रतिभा (बरगट जट्टान) कक्षा पांचवी से चारु (हरिपुर), सौम्या (कुरुक्षेत्र), कक्षा तीसरी से अवनी वर्मा(दुधला) तथा नमन जोत(बहलोलपुर) ने गोल्ड मेडल हासिल किया। अन्य सफल बच्चों में आर्ची, सृष्टि, कनिका, रुपिंदर कौर, छवि, सवेरा, आरजू जैस्मिन, हरलीन, अवनी, योग्यता, जसकीरत, रौनक, सीरत चेतन, जगदीप, सक्षम, मनताज तथा काजल आदि छात्र - छात्राएं हैं।

इस अवसर पर स्कूल की प्रबंधक उर्मिला सैनी, प्रधानाचार्य रोबिन कुमार व सहसंचालिका अध्यापिका अनीता हांडा तथा प्राथमिक विभाग की सहसंचालिका अध्यापिका रूबी ने सुशांत, हर्षित जुनेजा, प्रतिभा, चारु, सौम्या, अवनी वर्मा तथा नमन जोत को गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र तथा अन्य सफल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों और उनके मार्गदर्शक अध्यापकों की मेहनत का प्रतिफल है जो विद्यार्थियों को समस्त प्रतियोगिताओं में उच्च शिखर पर ले जाता है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में और मेहनत कर अच्छा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। ओलंपियाड प्रतियोगिता स्कूली छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और जांचने का एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म है। प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद करती है। स्कूल के चेयरमैन सोहन लाल सैनी ने विद्यार्थियों की इस अद्भुत सफ लता पर बच्चों को बधाई दी। प्रबंधक उर्मिला सैनी ने इसका श्रेय छात्रों, अध्यापक वर्ग व अभिभावकों को दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया।

## कुरुक्षेत्र के चुनावी रण में विजयी होंगे अभय सिंह चौटाला : प्रघुमन सिंह चहल

तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** इनेलो छात्र संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रद्युमन सिंह चहल ने कहा कि शनिवार को जैसे ही अभय सिंह चौटाला के नाम का ऐलान हुआ तभी से कुरुक्षेत्र लोकसभा के समीकरण बदलें हैं और इस सीट पर इनेलो अधिक मज़बूत हुई है।

चहल ने कहा कि अभय सिंह चौटाला विधानसभा में भी और सड़क पर भी किसान, कमेरे , मज़दूर और तमाम छत्तीस बिरादरी की लड़ाई लड़ते हैं और कुरुक्षेत्र के लोगों का सौभाग्य है कि उन्हें उनके हक़ों के लिए लड़ने वाला नेता मिला है। अभय सिंह चौटाला जल्द ही प्रचार के लिए सभी नो विधानसभा क्षेत्रों के गाँव गाँव जाकर लोगों से मिलेंगे और वोट की अपील करेंगे। इनेलो छात्र संगठन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रद्युमन सिंह चहल ने कहा कि अभय चौटाला एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने किसान आंदोलन में विधायक पद से त्यागपत्र देकर किसान आंदोलन को मज़बूत किया था और अब वे कुरुक्षेत्र के रण में विजयी होंगे।



## अग्रवाल सभा ने लगया रतदान शिविर, 110 रतदाताओं ने किया रतदान




तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग

**लाडवा :** रविवार को अनाज मंडी धर्मशाला में श्री अग्रवाल सभा, युवा अग्रवाल सभा व अग्रवाल सभा महिला विंग की ओर से एक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 110 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

युवा अग्रवाल सभा के प्रधान नीरज गोयल ने बताया कि रविवार को अनाज मंडी धर्मशाला में तीनों ही संस्थाओं के सहयोग से एक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी इशांत गोयल व विनय ने दीप प्रचलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करवाया। वही इशांत गोयल ने कहा कि रक्तदान करने से कभी भी शरीर में कोई कमजोरी नहीं

- युवा अग्रवाल सभा के प्रधान नीरज गोयल ने बताया कि रविवार को अनाज मंडी धर्मशाला में तीनों ही संस्थाओं के सहयोग से एक रक्तदान शिविर लगाया गया
- मुख्य अतिथि समाजसेवी इशांत गोयल व विनय ने दीप प्रचलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ करवाया

आती है और हम सभी को रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। श्री अग्रवाल सभा के प्रधान दुर्गेश गोयल ने कहा कि श्री अग्रवाल सभा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहती है। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों को समृति चिनह भेंट कर सम्मानित किया गया।

वहीं मौके पर महिला विंग की प्रधान उषा गोयल, रंजना गोयल, विकास सिंगला, राकेश गर्ग, मोनिका गुप्ता प्रधान दुर्गेश गोयल, शालू बंसल, सुरेंद्र गर्ग, अरविंद सिंघल, प्रोजेक्ट चेयरमैन अतीत गर्ग, केशव सिंगला, सुमित गोयल, पारस गर्ग, कपिल गुप्ता, शोभित गर्ग, शुभम बंसल, अभिनव गोयल, तुषार गर्ग, हिमांशु गोयल, राहुल सिंगला, शशांक सिंगला, अभी गर्ग, अमर गर्ग, शिवम तायल, हनीश मित्तल,मयंक गोयल, ध्रुव गर्ग सहित तीनों ही संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।